हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025
[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]



## खबर संक्षेप



### सेवा सप्ताह में लगाया रक्तदान शिविर

**भिलाई।** 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में महिला स्वास्थ्य, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम शामिल रहेंगे। इसी तारतम्य में धमधा विकासखंड के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोरी के प्रांगण में साफ-सफाई किया गया, जिसमें शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरविंद पटेल, शाला के प्रभारी प्राचार्य गुलनाज बानो, शाला विधायक प्रतिनिधि चेमन देशमुख, देवलाल दिल्लीवार, प्रभु उमरे, वरिष्ठ शिक्षक रामजी सिंग, व्याख्याता राजेश शुक्ला, प्रधानपाठक दीपिका बघेल सहित शिक्षक एवं छात्र छात्राओं ने साफ-सफाई अभियान में अपनी सहभागिता दी।

### भिलाई निगम में वीर शहीदों को किया नमन



**भिलाई।** रजत जयंती वर्ष 2025 के शुभारंभ एवं स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान अंतर्गत नगर पालिक निगम भिलाई में वीर शहीदों की प्रतिमा की साफ सफाई कर नमन किया गया। साथ ही उक्त परिसर की साफ सफाई कर स्वच्छ रखने की शपथ ली। उक्त कार्यक्रम में स्वच्छता प्रभारी लक्ष्मीपति राजू, एम.आई.सी. सदस्य संदीप निरंकारी, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जनसंपर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, वीरेंद्र बंजारे, पी.आई.यू अभिनव ठोकने एवं शुभम पाटनी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव एवं सीएम यादव एवं अन्य सफाई मित्र शामिल हुए।

## अग्रसेन जयंती पर न्यू खुर्सीपार, सेक्टर-6 और दुर्ग में सांस्कृतिक कार्यक्रम

# बच्चों ने पेपर क्यूलिंग आर्ट और युवतियों ने मास्क पेटिंग में दिखाई प्रतिभा, मिला सम्मान

**अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन जयंती पर किया जा रहा साप्ताहिक आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दुर्ग

अग्रवाल समाज द्वारा अग्रसेन जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को दुर्ग, सेक्टर-6 और न्यू खुर्सीपार में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दुर्ग के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल एवं महासचिव ललित सक्सेरिया ने बताया कि अग्रसेन जयंती के शुभ अवसर पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का उद्देश्य समाज में एकता एवं प्रतिभाओं को प्रोत्साहन करना है।

अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष सरिता गोयल एवं कार्यकारी अध्यक्ष अनीता अग्रवाल ने बताया कि महिलाओं हेतु अलग-अलग वर्ग में सरप्राइज गेम रखा गया, जिसका महिलाओं ने बहुत लुत्फ उठाया। युवतियों ने मास्क पेंटिंग में अपनी प्रतिभा दिखाई। बच्चों के लिए पेपर क्यूलिंग आर्ट एक नई प्रतियोगिता रखी गई। सुनहरी यादें प्रतियोगिता में 50 वर्ष से ऊपर की महिलाओं ने अपने अनुभव सभी के साथ साझा किया। युवा मंडल के अध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल एवं आकाश गोयल ने बताया कि कपल गेम प्रतियोगिता आयोजित की गई। ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता रखी गई। अग्रसेन की माला बनाओ प्रतियोगिता में महिलाओं ने बहुत ही खूबसूरत माला बनाई। कार्यक्रम में नत्थू लाल अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, बंसीधर पोदार, आशीष सक्सेरिया, गिरीश मुनचुन, महिला मंडल की संजना पोद्दार, श्वेता सुमित अग्रवाल, अपूर्व अग्रवाल, रजत जिंदल, लक्की अग्रवाल उपस्थित थे। ललित सक्सेरिया ने बताया की शनिवार को गौ सेवा गोविंद सेवा एवं आनंद मेले का कार्यक्रम रखा गया है।



### बच्चों के मैच में टीम बी और सी विनर, सीनियर वर्ग के मैच में टीम सहेली और अग्रोहा स्ट्राइकर जीते



**भिलाई।** खुर्सीपार अग्रवाल सेवा समिति, महिला समिति और अग्रसेन युवा मंच द्वारा अग्रसेन जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस अवसर पर अलग-अलग दिन विभिन्न रोचक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज अग्रसेन प्रीमियर लीग क्रिकेट और बैडमिंटन स्पर्धा शुरू हुई। इसमें बच्चों की टीम ए और बी के बीच हुए मैच में आदित्य अग्रवाल की कप्तानी वाली टीम बी जीती, जिसमें वंश अग्रवाल मैन ऑफ द मैच रहे। वहीं टीम सी और डी के मुकाबले में शशांक अग्रवाल की कप्तानी वाली टीम सी जीती। इधर सीनियर प्रतियोगिता में पहला मैच टीम सहेली और अग्रवाल स्पार्टन के बीच हुआ। अग्रवाल स्पार्टन ने 73 रन बनाए, जिसे हासिल करते हुए टीम सहेली 4 विकेट से जीती। मैन ऑफ द मैच आदित्य अग्रवाल रहे। इसके बाद टीम अकाया और अग्रोहा स्ट्राइकर का मैच हुआ जिसमें अग्रोहा ने 83 रन बनाए। टीम अकाया ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया, लेकिन 1 रन से हर गए। मैन ऑफ द मैच अंकित अग्रवाल रहे। अंपायर के रूप में विकाश केसरवानी और रवि थे। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, रतनलाल अग्रवाल, रामनाथ अग्रवाल, घनश्याम दास, अनूप गोयल, सुंदर गुप्ता, उमाशंकर अग्रवाल, तोताराम अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, प्रेमा गर्ग आदि उपस्थित थे।

### जयंती महोत्सव में स्पर्धाएं, विजेताओं को किया गया सम्मानित



**भिलाई।** अग्रसेन जनकल्याण समिति सेक्टर 6 भिलाई द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती महोत्सव के अंतर्गत शुक्रवार को विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। महिलाओं और युवतियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। व्यंजन सजाओ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने स्वाद और प्रस्तुति का बेहतरीन संगम प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा अग्रवाल, द्वितीय स्थान किराना अग्रवाल तथा तृतीय स्थान शोभा अग्रवाल ने हासिल किया।

मेहंदी प्रतियोगिता में आकर्षक डिजाइन प्रस्तुत किए गए। इसमें प्रीति मुकेश अग्रवाल प्रथम, आशा अग्रवाल द्वितीय तथा नेहा अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहीं।वार्ना लो प्रतियोगिता में सामूहिक प्रतिभा का नजारा देखने को मिला। इसमें पूजा, नीतू और सुनीता की टीम प्रथम, दिलीप, हीना, निर्मला और आभा की टीम द्वितीय तथा जाग्रति एंड ग्रुप तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम में संजय रूंगटा, बंशी अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मनीत जैन, मनोज देवरालिया, मनीष अग्रवाल, अनिल गुप्ता, दिनेश सिंघल, दिलीप अग्रवाल, गायत्री अग्रवाल, उमा अग्रवाल, मधुर अग्रवाल और संगीता अग्रवाल की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

## ध्यान साधना पर दिखाई डॉक्यूमेंट्री लोगों को आत्ममंथन के दिए टिप्स

**साधक-साधिकाओं को दे रहे ट्रेनिंग**



**दुर्ग।** जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में जैन संत प्रवीण ऋषि की साधना से प्रारंभ ध्यान साधना, आत्म मंथन, पुरुषाकार ध्यान साधना पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ज्ञान साधक शामिल हुए। साधिका डॉ. सुनीता लुनिया ने ध्यान की बारीकियों को समझाया।

ध्यान साधना में कैसे श्वांस पर अपना ध्यान केंद्रित किया जाए के बारे में बताया गया। दो घंटे से अधिक चले इस आयोजन में ध्यान को जानने और समझने का एक अच्छा अवसर लोगों को मिला। संत प्रवीण ऋषि ने अलग-अलग विषयों पर ध्यान साधना सिखाई गई। देशभर में उनके द्वारा प्रशिक्षित हजारों साधक साधिकाओं को वे साधना की ट्रेनिंग दे रहे हैं। संत प्रवीण के दीक्षा मंत्र का बड़ी संख्या में लोगों ने प्रशिक्षण लिया। डॉक्यूमेंट्री ध्यान साधना को सभी लोगों ने बेहद सराहा। सरिता श्रीश्रीमाल एवं भारती पारख ने इस आयोजन में अपना पुरुषार्थ समर्पित कर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन राकेश संचेती ने किया। संयोजन में कविता रतन बोहरा, रचना श्रीश्रीमाल, कविता कर्णावट, अरुणा रतन बोहरा, शीला श्रीश्रीमाल, भावना पारख का विशेष सहयोग रहा।

## साइबर फ्रॉड से बचने के लिए अवेयर रहना जरूरी : न्यायाधीश

**दुर्ग।** साइंस कॉलेज में जूलॉजिकल एसोसिएशन के उद्घाटन के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विशेष विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर दो न्यायाधीशों ने महाविद्यालय में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण विधिक विषयों पर जानकारी प्रदान किया। न्यायाधीश ने छत्तीसगढ़ टोनही प्रताड़ना निवारण अधिनियम के प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस अधिनियम का उद्देश्य अंधविश्वास के नाम पर की जाने वाली सामाजिक कुरीतियों और प्रताड़ना को पूर्णरूप से समाप्त करना है। युवा समाज में व्याप्त इस प्रकार की कुप्रथाओं के विरुद्ध जागरूकता फैलाएं। दूसरे न्यायाधीश ने साइबर अपराध से संबंधित जानकारियां प्रदान की। उन्होंने विद्यार्थियों को साइबर अपराध के विभिन्न स्वरूपों जैसे ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर बुलिंग, फिशिंग आदि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. एसएन झा, डॉ. एके खान, विभागाध्यक्ष डॉ. दिव्या कुमुदिनी मिंज, डॉ. उषा साहू, डॉ. नीरू अग्रवाल, मौसमी डे, डॉ. संजू सिन्हा, डॉ. अलका मिश्रा, सुदेश साहू, अनुराग मिश्रा एवं गोपाल राम उपस्थित रहे।



## उप मुख्यमंत्री अरुण साव आज आएंगे दुर्ग

**दुर्ग।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय प्रशासन एवं विकास, खेलकूद एवं युवा कल्याण मंत्री अरूण साव शनिवार 20 सितम्बर को दुर्ग आएंगे। वे यहां पर प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल होंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उप मुख्यमंत्री श्री साव रायपुर से अपरान्ह 1 बजे कार द्वारा प्रस्थान कर अपरान्ह 2 बजे साइंस कालेज दुर्ग पहुंचेंगे। वे यहां पर राधा कृष्णन ऑडिटोरियम में आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में शामिल होंगे। उप मुख्यमंत्री अरूण साव अपरान्ह 3 बजे साइंस कालेज दुर्ग से कार द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## दुर्ग में पीएम-कुसुम योजना पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र ने किसानों को प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान योजना से अवगत कराने के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन किया है। यह शिविर दुर्ग शहर के राजनांदगांव रोड, शिवनाथ नदी के पास, पुलगांव स्थित हॉटल वृन्दावन में 22 सितंबर को दोपहर 12 बजे आयोजित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के साथ जर्मनी सरकार की ओर से जीआईजेड के साथ नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कार्य करने का समझौता हुआ है।शिविर में जीआईजेड के प्रतिनिधि सौर ऊर्जा एवं पीएम-कुसुम योजना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा करने के लिये उपलब्ध रहेंगे। इसके अतिरिक्त पीएम सूर्यघर योजना के तहत सौर संयंत्र लगाने की जानकारी भी दी जायेगी।




| Model | New Price | Old Price | Savings |
|---|---|---|---|
| Activa 110 | 78490 | 85539 | 7049 |
| Activa 125 | 93204 | 101575 | 8372 |
| Dio 110 | 74354 | 81032 | 6678 |
| SP 125 | 88438 | 96381 | 7943 |
| CB125 HORNET | 102769 | 112000 | 9231 |
| Shine 100 | 63922 | 69662 | 5740 |
| Shine 125 | 81931 | 89290 | 7359 |
| Livo | 80634 | 87876 | 7242 |
| Unicorn | 112795 | 122927 | 10132 |
| Hornet | 145021 | 158049 | 13028 |
| SP 160 | 113822 | 124047 | 10225 |

तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 20.2 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार, 20 सितंबर, 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

12 ध्यान साधना पर दिखाई डॉक्यूमेंट्री लोगों को आत्ममंथन के दिए टिप्स



12 साइबर फ्रॉड से बचने के लिए अवेयर रहना जरूरी : न्यायाधीश






## खबर संक्षेप

### हेरोइन के साथ युवक पुलिस की गिरफ्त में

**भिलाई।** हेरोइन की तस्करी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर मोहन नगर पुलिस ने 246 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) के सात शांति नगर निवासी यशराज सिंह को पकड़ा है। आरोपी 6 ग्राम चिट्टा जब्त किया है।

### आयुक्त पांडेय ने गार्डनों का किया निरीक्षण



**भिलाईनगर।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रमांक-5 अंतर्गत उद्यान, क्रिकेट कोर्ट सहित वाटर एटीएम का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। आयुक्त ने सेक्टर 04 वार्ड क्रमांक 57 सड़क 12-13, 8, 36 एवं 27 स्थित उद्यानों का निरीक्षण कर उद्यान के भीतर आवश्यक संधारण कराने, पाथवे में उगे घॉस, गाजर घास की सफाई कराने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किए हैं। निगम आयुक्त के भ्रमण के दौरान सेक्टर 4 में पाया गया कुछ नागरिकों द्वारा अपने ही घरों के साइड में कचरा फेंका गया है। उद्यान परिसर, रोड साईड एवं आसपास कचरा फेंकने वाले आम नागरिकों से नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से विशेष अपील है । अपनी आदत में सुधार लाएं जिससे हमारा घर, मोहल्ला और शहर स्वच्छ रहे। घरों के आसपास एवं मोहल्ले की साफ सफाई में आप सभी आम नागरिकों के सहयोग की आवश्यकता है। अपने आसपास के स्वच्छता से हम सभी कई प्रकार के बीमारियों से बच सकते हैं । हम सभी अपने घरों का गीला और सूखा कचरा डोर टू डोर कलेक्शन करने वाले सफाई कर्मियों को दें। निगम आयुक्त द्वारा सड़क 12 स्थित क्रिकेट कोर्ट का अवलोकन किया गया, खिलाड़ी क्रिकेट कोर्ट में बाल डालते है, उसका जाली टूट हुआ है। उक्त कोर्ट को बदलकर नया लगाने उप अभियंता श्वेता महेश्वर को निर्देशित किया गया है। डब्लू एम.आर के पास वाटर एटीएम का अवलोकन किया।

### लोगों ने लेनदेन की शिकायत की तो गुमराह होकर पुलिस ने की मामूली कार्रवाई

# सूर्या मॉल में चल रही थी शेयर मार्केट की आड़ में लूट की दुकान, तीन हुए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग पुलिस ने एक नटवरलाल उसकी पत्नी और महिला सहकर्मी सहित तीन को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने शेयर मार्केट में लोगों को पैसा लगाकर अधिक रिटर्न का लालच देकर उनसे लगभग 150 करोड़ से अधिक की ठगी की है। पुलिस इस मामले में कल बड़ा खुलासा कर सकती है।

हरिभूमि की टीम इस मामले की पड़ताल में कई दिनो से लगी थी। आरोपी ने जिन लोगों से करोड़ों रुपए का फर्जी इनवेस्ट कराया उन्होंने बताया कि ठगी करने वाले मुख्य आरोपी का नाम स्नेहांशु नागदेव है। वो चरोदा भिलाई तीन में रहता है। उसने स्मृति नगर चौकी अंतर्गत भिलाई के टीआई सूर्यामॉल के पांचवे फ्लोर में निशा बिजनेस कंसलटेंट नाम से एक लग्जरी ऑफिस खोला था। वहां अपनी पत्नी डॉली और सहकर्मी निशा को डायरेक्टर बनाकर रखा था। इसके साथ ही ऑफिस में करीब 10-15 लड़के लड़की और भी रखे गए थे, जिन्हें वो प्रॉफिट कस्टमर दिखाता था। जब कोई व्यक्ति ऑफिस में जाता तो महिला डायरेक्टर और प्रॉफिट कस्टमर उन्हें अपने झांसे में लेते थे। वो लोगों को बताते थे कि उन्होंने इस कंपनी में इनवेस्ट किया और हर महीने कई लाख रुपए की कमाई कर रहे हैं। उनके झांसे में आने के बाद अंतर में स्नेहांशु उसे मिलता था और उनकी रकम को अलग-अलग बैंक अकाउंट में डलवाता था।





#### आत्मदाह करने की धमकी के बाद हुई एफआईआर

स्मृति नगर पुलिस इस मामले में एफआईआर नहीं कर रही थी। वो आवेदन पर जांच का दावा कर रही थी। इसी दौरान वहां पहुंची बड़ी संख्या में महिलाओं ने वहां बवाल शुरू कर दिया। उन्होंने धमकी दी कि यदि वो एफआईआर दर्ज नहीं करेंगे तो वो लोग मिट्टी तेल अपने शरीर में छिड़क कर आत्मदाह कर लेंगी। इसके बाद पुलिस डरी और मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया।

#### देर रात लोगों ने आरोपी को पकड़कर किया पुलिस के हवाले



लगभग 150 करोड़ रुपए की ठगी के बाद जब आरोपी कई लोगों को पैसा देना बंद कर दिया तो लोग भड़क गए। वो लोग गुरुवार देर रात 12 बजे उसके घर पहुंचे और उसे वहां से उठा लिया। इसके बाद उसे मारापीटा और कुम्हारी थाने के सुपुर्द किया। वहां भी आरोपी ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी से सेटिंग की और पुलिस अधिकारी उसे बिना कार्रवाई छोड़ रहा था। लोगों ने थाने में हंगामा शुरू कर दिया, इसके बाद थाना प्रभारी ने लोगों को रात में स्मृति नगर चौकी शिकायत करने भेजा। फिर वहां से पुलिस की गाड़ी आई और आरोपी स्नेहांशु को लेकर सुपेला थाने पहुंची।

#### एक महीने पहले सुपेला पुलिस भी छोड़ चुकी है आरोपी को

स्टॉक मार्केट की ट्रेनिंग देने वाले सोमेंद्र पाटिल ने अपने स्टूडेंट्स व अन्य लोगों सहित लगभग 350 लोगों का पैसा लेकर इस कंपनी में 12 करोड़ रुपए लगा चुका है। रिटर्न ना मिलने पर उसने एक महीने पहले एस दुर्ग कार्यालय और सुपेला थाने में मामले की शिकायत की थी। एसएसपी ने उसे सुपेला थाने भेजा, लेकिन थाना प्रभारी ने पीड़ित को धारा 155 का नोटिस काटकर दे दिया और आरोपी को ठगी करने के लिए छोड़ दिया।





#### अधिक ब्याज के लालच में गंवाए करोड़ों रुपए

जिन लोगों ने शेयर मार्केट में करोड़ों रुपए का इनवेस्टमेंट किया उन लोगों ने अधिक ब्याज पाने के लालच में अपने परिचित व अन्य लोगों से रुपए उधार लेकर उन्हें भी ब्याज देने का लालच दिया था और खुद उनके पैसों में कमीशन ले रहे थे। पुलिस इन लोगों के खिलाफ भी जांच कर रही है कि कहीं इन्होंने भी दूसरे लोगों को प्रलोभन देकर पैसा लिया है या नहीं। इस मामले में कुछ इनवेस्टर ऐसे हैं जो ब्याज में रकम का विज्ञापन भी चलाते थे।

#### होगी सख्त कार्रवाई



एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि जो लोग शिकायत लेकर उनके पास आ रहे थे वो शेयर मार्केट में इवेस्टमेंट की बात ना बताकर केवल पैसे देने का आरोप लगाकर पैसा वापस करने की गुहार लगा रहे थे। इसीलिए उन्हें कोर्ट जाने की सलाह दी गई। जब मामले की सच्चाई पता चली तो आवेदन की सही तरीके से ड्रॉफ्टिंग कराई गई और मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। मामले में आरोपियों के खिलाफ और भी गंभीर धाराएं जोड़ते हुए कार्रवाई की जाएगी।

#### स्मृति नगर पुलिस बचती रही कार्रवाई से

शुक्रवार सुबह फिर लोगों ने स्मृति नगर चौकी का फिर घेराव किया। पुलिस उस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही थी। इसी दौरान 60 लाख रुपए इनवेस्ट कर चुकी महिला पूजा राव अपने लोगों के साथ आरोपी के घर पहुंची और डॉली और निषा मानिकपुरी को पकड़कर लाई और स्मृति नगर चौकी पुलिस के हवाले किया। चौकी प्रभारी ने कार्रवाई से बचने और मामले को मीडिया से छिपाने के लिए एक मीडिया कर्मी का मोबाइल भी जब्त कर लिया। बाद में सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी वहां पहुंचे। उन्होंने मामले की पड़ताल की। मामला एसएसपी दुर्ग विजय अग्रवाल के संज्ञान में आया और उनके निर्देश पर तीनों आरोपियों के खिलाफ ठगी का मामला दर्ज किया गया।

### 40 हजार बोनस व वेतन समझौते को लेकर बोरिया गेट में प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सर्वसम्मति से सेल कर्मियों का बोनस 40500 रुपए से अधिक पर चर्चा करने व जल्द एनजेसीएस बैठक आयोजित कर वेतन समझौता पूरा करने की मांग को लेकर स्टील वर्कर्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया सीटू के आह्वान पर शुक्रवार को सेल की सभी इकाइयों के साथ सीटू ने बोरिया गेट में प्रदर्शन किया। यूनियन ने आईआर विभाग को सेल अध्यक्ष के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन में सीटू नेताओं ने बताया कि 2021 में बोनस 40500 रुपए देने के बाद प्रबंधन ने 2023 को बोनस फार्मूला बनाने के संदर्भ में बैठक बुलाया लेकिन मजाक किया। बोनस बैठक उस बैठक में प्रबंधन ने सर्वसम्मति की परिपाटी को तोड़ते हुए बहुमत को आधार बनाकर वार्षिक बोनस फॉर्मूला बनाया, जिसका सीटू व एटक ने विरोध किया था। उस बहुमत वाले भ्रामक फार्मूला के चलते विगत दो वर्षों से 26500 रुपए और 23000 रुपए दिया गया, जो एनजेसीएस की मूल भावना के खिलाफ है एवं एक गलत परिपाटी विकसित किया जा रहा है। 20 सितंबर की बोनस बैठक के पहले नया फार्मूला बनाने के संदर्भ में कोई बैठक नहीं बुलाई गई। यूनियन ने ज्ञापन में 40 हजार 500 बोनस व लंबित वेतन समझौता जल्द पूर्ण करने की मांग की है।

## पत्नी शराब पीकर फोन पर करती थी बात, नाराज पति ने जमीन पर पटका और गला दबाकर कर दी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पत्नी की गला दबाकर हत्या करने वाले पति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसने पहले पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया, बाद में उसने घटना स्वीकार ली। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि 10 सितंबर की शाम से प्रीति और पति होरीलाल वर्मा के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। होरीलाल ने प्रीति का गला दबा दिया। प्रीति की जान चली गई। आरोपी पति ने पुलिस ने बचने के लिए बीमारी का बहाना बताया। उसने बताया कि बीमारी की वजह से उसकी पत्नी की मौत हुई। पीएम रिपोर्ट आने के बाद पता चला कि घटना दिनांक की शाम प्रीति और उसके पति होरीलाल वर्मा (30 साल) के बीच झगड़ा हुआ था।

#### मौत की वजह बीमारी बताई थी



आरोपी ने पुलिस को बताया कि पत्नी शराब पीकर कॉल पर लगी रहती थी। इस आदत के कारण अक्सर दोनों के मध्य विवाद हुआ करता था। घटना वाले को भी दोनों के बीच विवाद हुआ था। विवाद के समय आक्रोश में आकर पति होरी ने पत्नी को जमीन पर पटक दिया। उसके बाद गला दबा दिया। जिससे उसकी मौत मौके पर हो गई। शव को कमरे में रखे खाट पर लिटाकर परिवार और रिश्तेदार को झूठ बोला कि पत्नी चक्कर खाकर गिर गई है। प्रीति की होरी लाल के साथ दूसरी शादी थी और उसके एक बेटा और एक बेटी है। बेटी प्रीति के साथ रहती थी।

#### आरोपी ने पुलिस को पहले किया था गुमराह

घटना की रात करीब 8:30 बजे पति होलीलाल ने एंबुलेंस बुलाकर पत्नी प्रीति को पाटन अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।लेकिन पुलिस को आरोपी काफी देर तक गुमराह करते रहा। पुलिस ने जब कड़ाई से पूछताछ किया तो सच्चाई सामने आ गई। एसडीओपी पाटन अनूप लकड़ा ने बताया कि मृतका की शिनाख्त प्रीति वर्मा के रूप में हुई है। यह घटना 10 सितंबर शाम 5 से 6 बजे के बीच हुई। हत्या के बाद आरोपी पति ने मामले को छिपाने का प्रयास किया था। पुलिस आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजने की तैयारी कर रही है।

आरोपी की बेटी जब घर पहुंची तो होरीलाल ने प्रीति की तबीयत खराब होने की जानकारी दी। उसे अस्पताल ले जाने की सलाह दी। रात 8.30 बजे 108 एंबुलेंस को घर बुलाकर पत्नी प्रीति को पाटन अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों को बताया कि पत्नी को सीने में दर्द हुआ और वह बेहोश होकर गिर गई। जांच के बाद डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत संदिग्ध दिखने पर पति से पूछताछ किया गया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी। इसमें यह स्पष्ट हो गया कि महिला की मौत बीमारी से नहीं बल्कि गला दबाने से हुई है। खुलासे के बाद पुलिस ने हत्या का अपराध कायम किया। पुलिस ने गुरुवार 18 सितंबर को आरोपी पति होरीलाल वर्मा को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर पहले पुलिस को गुमराह करनेता रहा। फिर पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया।

### नवरात्रि में ट्रेनों में अतिरिक्त कोच

**भिलाई।** नवरात्रि में दर्शनार्थियों के लिए ट्रेन में अतिरिक्त सुविधा रेलवे ने दिया है। मॉ बम्लेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ में नवरात्रि पर्व मेला में जाने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखा गया है। ट्रेनों का अस्थायी ठहराव, स्पेशल ट्रेन, कुछ ट्रेनों का विस्तार की सुविधा प्रदान की जा रही है। डोंगरगढ़ व रायपुर तक अस्थायी विस्तारित करने के साथ ही कुछ दूरगामी एक्सप्रेस ट्रेनों का भी डोंगरगढ़ में अस्थायी ठहराव दिया जा रहा हैं। जिसमें ट्रेन 68742/68741 गोंदिया-दुर्ग-गोंदिया मेमू पैसेजर को रायपुर, ट्रेन 68729/68730 रायपुर-डोंगरगढ-रायपुर मेमू पैसेजर को रेस्टोरैशन कर ट्रेन को गोंदिया, ट्रेन 06886/06885 डोंगरगढ-दुर्ग-डोंगरगढ मेमू पैसेजर स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है।

### नशीली दवा के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशीली दवा के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर डबरीपारा गंगोती जिला सूरजपुर निवासी सत्य प्रकाश और डेराबस्ती फरीदनगर सुपेला प्रकाश धुर्वे को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने जुनवानी चौक के पास पकड़ा से 720 नग स्पास्मो टेबलेट, 210 नग नाइट्रोटेन टेबलेट नगदी 700 रुपए, बाइक सीजी 09 जेबी 5685, मोबाइल जब्त किया गया है। कुल सामानों की कीमत 40 हजार रुपए आंकी गई है। वहीं प्रकाश धुर्वे के पास 1 किलो 200 ग्राम 1200 रुपए जब्त किया गया। पुलिस की विवेचना जारी है।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

### वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने बीएसपी के प्रभारी निदेशक से की मुलाकात

# टाउनशिप में कॉलेज, आवास और पीआईजी पर बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई टाउनशिप में आवश्यक नगर निगम के कार्यों के लिए एनओसी, सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं सहित मार्केट में व्यावसायिक लीज नवीनीकरण की समस्या के जल्द निराकरण, प्रधानमंत्री ट्राफी, गोद लिए गांव के विकास जैसे गंभीर विषयों पर हुई चर्चा के बाद अनेक विषयों पर निदेशक प्रभारी से सहमति बनी है। इन विषयों पर योजना तैयार कर केंद्र सरकार और स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया सेल को भेजा जाएगा। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन की निदेशक प्रभारी चितरंजन मोहापात्रा से सार्थक चर्चा हुई है। श्री मोहापात्रा ने आश्वस्त किया कि टाउनशिप में आवश्यक जनोपयोगी विकास कार्यों के लिए निगम भिलाई और जिला प्रशासन से चर्चा कर एनओसी संबंधी औपचारिकताओं में तेजी लाई जाएगी ताकि आवश्यक विकास कार्यों में विलंब न हो। विधायक रिकेश सेन ने सेक्टर-9 हास्पीटल को मेडिकल कॉलेज बनाए जाने को लेकर निदेशक प्रभारी श्री मोहापात्रा से चर्चा की। इसे लखनऊ संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस की तर्ज पर डेवलप करने पर सहमति बनी। प्रस्ताव केंद्र सरकार और सेल को भेजा जाएगा।



#### बीएसपी प्रॉपर्टी अवैध कब्जे में है, उसका हो ऑक्शन

संयंत्र की खाली और अवैध कब्जायुक्त जमीनों का शीघ्र ऑक्शन कर उसे जरूरतमंदों को दिए जाने पर भी चर्चा हुई है। बीएसपी द्वारा गोद लिए गए गांवों में सीएसआर मद से विकास कार्य शुरू करने पर भी सहमति बनी। विधायक रिकेश सेन ने कहा कि बीएसपी की बेशकीमती जमीन वर्षों से अवैध कब्जे में हैं। इंफोर्समेंट विभाग इन्हें खाली करवाया है मगर फिर कब्जे होते रहते हैं इसलिए इन पर आवश्यक किराया या अस्थायी अलार्टमेंट कर जरूरतमंद लोगों को दिया जाए।

#### स्कूल बिल्डिंग का हो जीर्णोद्धार, बंद किए स्कूल फिर हो चालू

विधायक सेन ने टाउनशिप के स्कूलों के भवन और कैंपस के जीर्णोद्धार पर भी निदेशक प्रभारी से चर्चा की जो स्कूल मैनेजमेंट ने बंद किए हैं, उन्हें एनजीओ या निजी शैक्षणिक संस्थानों को योजना बना कर देते हुए शिक्षण प्रारंभ करने पर भी सहमति बनी । ऐसे स्कूल के भवनों को व्यवस्थित कर उनमें शैक्षणिक गतिविधियां प्रारंभ करने एजुकेशनल ग्रुप या गैर सरकारी संगठन के माध्यम से प्रारंभ किए जाने पहल की जाएगी।

#### सेवानिवृत्त कर्मचारियों व्यापारियों की समस्या का हल

बीएसपी के पूर्व कर्मचारियों और लीज की जमीन पर व्यवसाय कर रहे व्यापारियों की समस्याओं को लेकर लंबे समय से खिंचतान चल रही है। लीज नवीनीकरण राशि को लेकर भी अनेक अड़चनें हैं इस विषय पर कमेटी बना कर जल्द इसका सार्थक हल निकाला जाना चाहिए। पूर्व रिटायर्ड कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान निकालें। पीएम ट्राफी के मापदंड अनुरूप इस दिशा में भी ध्यान दे। बीएसपी निदेशक प्रभारी श्री मोहापात्रा ने विधायक द्वारा टाउनशिप में पड़ी खाली और अनुपयोगी जमीन को कब्जामुक्त बनाए रखने के प्रस्ताव पर जल्द पहल के लिए आश्वस्त किया है।



हरिभूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025
लाइव
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129

05



स्वागत से अभिभूत पायलट बोले-ऋणी रहूंगा

## लाइव इवेंट

### भिलाई की पहचान में बीएसपी के कर्मवीरों का योगदान अहम : पांडेय



**भिलाई।** विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर हुडको स्थित गणेश मंदिर में बीएसपी के सेवानिवृत कर्मचारियों एवं अधिकारियों का सम्मान पूर्व मंत्री प्रेम प्रकाश पांडेय ने किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल भोसले ने बताया कि लगभग 400 सेवानिवृत कर्मचारी का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि प्रेम प्रकाश पांडेय ने कहा कि इस भिलाई इस्पात संयंत्र की विश्व में जो पहचान है। इसमें कहीं न कहीं इस कर्मवीरों का अहम योगदान रहा हैं, जिसे कभी भूला नहीं जा सकता। इस कार्यक्रम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष संजय दानी मंडल अध्यक्ष गोल्डी सोनी नितिन फुले रेहान अहमद कारण कनोजिया सहित लोग उपस्थित थे

## सिटी इवेंट

### खिलाड़ियों के चेहरे पर चोटों का उपचार करने सेंटर का उद्घाटन



**भिलाई।** रूंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च, भिलाई ने इंडियन डेंटल एसोसिएशन आईडीए के सहयोग से एक विशिष्ट स्पोर्ट्स डेंडिस्ट्री सेंटर का उद्घाटन किया गया। स्पोर्ट्स डेंडिस्ट्री सेंटर के माध्यम से एथलीटों और खिलाड़ियों में मौखिक और चेहरे की चोटों की रोकथाम, निदान और उपचार में प्रशिक्षित करने और उन्हें फेलोशिप प्रदान करने के लिए किया गया था। जिसका उद्घाटन सांसद विजय बघेल ने कॉलेज के मैनेजमेंट, स्टाफ मेंबर्स और छात्रों की उपस्थिति में किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वयं एक पूर्व खिलाड़ी होने के नाते, वे खिलाड़ियों के फिटनेस और प्रदर्शन के लिए मौखिक स्वास्थ्य के महत्व को समझते हैं और यह सेंटर खुलने से लोगो को लाभ मिलेगा। आईडीए के महासचिव डॉ. अशोक ढोबले ने एथलीटों के मौखिक और समग्र स्वास्थ्य की सुरक्षा में स्पोर्ट्स डेंडिस्ट्री के बढ़ते महत्व और भविष्य में योग्य स्पोर्ट्स डेंडिस्ट्री के लिए संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य में पहला और एकमात्र स्पोर्ट्स डेंडिस्ट्री सेंटर शुरू करने के लिए कॉलेज को बधाई दी। आईडीए शिक्षा विभाग के प्रमुख डॉ. अतुल सुर्वे ने छात्रों को स्पोर्ट्स डेंडिस्ट्री की विभिन्न भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी देने के लिए एक लेक्चर दिया, जिसमें प्रतिभागियों को नवीनतम जानकारी दी गई। इसके बाद एक स्पोर्ट्स डेंडिस्ट्री टीम का गठन किया गया जिसमें समन्वयक डॉ. गौरव अग्रवाल और मेंबर्स भी शामिल थे। एसआरजीआई समूह के अध्यक्ष संजय रूंगटा ने आईडीए के संयुक्त प्रयासों की सराहना की और केंद्र में सर्वोत्तम संभव प्रशिक्षण प्रदान किये जाने की बात कही। कॉलेज के डीन डॉ. कार्तिक कृष्ण एम ने कहा कि यह सुविधा छात्रों की क्षमता और कौशल को प्रेषित करने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगी, जिससे वे भारत में खेल के क्षेत्र में सेवा और योगदान करने में सक्षम होंगे। इस कार्यक्रम में एसआरजीआई के डायरेक्टर डॉ. साकेत रूंगटा, रूंगटा डेंटल कॉलेज के डॉ. विपिन अरोड़ा और वाइस डीन डॉ. फातिमा खान भी उपस्थित थे।

- रूंगटा डेंटल कॉलेज में छत्तीसगढ़ के विशिष्ट स्पोर्ट्स डेंडिस्ट्री सेंटर उद्घाटित

## लाइव इवेंट

### भारतीय समाज को दिया एकता का संदेश



**भिलाई।** ग्रीन चौक दुर्ग में हैदराबाद मुक्ति दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के अनेक प्रबुद्ध जन एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। आयोजन में मुख्य वक्ता आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि "हैदराबाद की निजामशाही भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के मार्ग में बाधा बनी थी। परंतु आर्य समाज के सत्याग्रह और 'जेल भरो आंदोलन' ने निजाम को झुकने के लिए विवश किया। यह आंदोलन भारत की एकता और अखंडता का प्रतीक था। आज हमें उसी भावना को पुनर्जीवित करते हुए समाज में समरसता और भाईचारे का संदेश देना है।"कार्यक्रम में अंकित साहू, सुभाष पांडे, सुरेश देवांगन, आचार्य अंकित शर्मा, आचार्य अजय आर्य, कृष्णमूर्ति, तुषार आर्य, कैलाश महाजन, लोकेश देवांगन, कविता आर्य, भूमिका आर्य, संदेश आर्य, डॉ. मानसी गुलाटी, डॉ. राहुल गुलाटी, मनोज आर्य, संजय आर्य, आशीष चंद्राकर, रामलोचन तिवारी, सौरभ देवांगन, आर्य वीरांगना दल, आर्य वीर दल आर्य समाज दुर्ग, विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहे।

- हैदराबाद मुक्ति दिवस पर एकता का संदेश

---

**अतिथियों ने किया पोस्टर का विमोचन, 6 दिवसीय ट्रेनिंग का हुआ उद्घाटन**

# हरिभूमि व आईएनएच का आयोजन, डांडिया ट्रेनिंग में पहले ही दिन सभी में दिखा उत्साह, आज सीखेंगे छत्तीसगढ़ी गरबा और कचुको

**भिलाई।** दैनिक हरिभूमि व आईएनएच द्वारा डांडिया महोत्सव सीजन 10 के आयोजन का आगाज 6 दिवसीय डांडिया ट्रेनिंग क्लासेस के साथ शुक्रवार को उत्साह पूर्ण माहौल में हुआ। जहां ट्रेनिंग सेशन के पहले दिन ही बच्चों से लेकर महिलाओं व युवक-युवतियों ने जमकर पसीना बहाया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा आयोजन का पोस्टर विमोचन किया गया। 6 दिवसीय ट्रेनिंग सेशन 24 सितंबर तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 3 बजे तक सेक्टर 8 स्टील क्लब में ही कराया जाएगा। जिसका ग्रैंड फिनाले 25 और 26 सितंबर को स्टील क्लब में ही किया जायेगा।

### ट्रेनिंग सेशन के पोस्टर का हुआ विमोचन

हरिभूमि व आईएनएच द्वारा डांडिया महोत्सव सीजन 10 की शुरुवात अतिथियों द्वारा पोस्टर विमोचन कर की गई। इस दौरान गायनोलॉजिस्ट डॉ मानसी गुलाटी, महिला पुलिस काउंसलर जया दुबे, चैंबर ऑफ कामर्स महिला विंग अध्यक्ष सुमन कन्नौजे, डेन्टिंस्ट डॉ सविता ललित मोहन, अ भा क्षत्रिय महासभा वीरांगना प्रदेश उपाध्यक्ष किरण सिंह, जिलाध्यक्ष ललिता सिंह, बीना सजीव, संजू शुक्ला, सुषमा सिंह, हरिभूमि के ,,,,,,,,,, संदीप उपाध्याय, मार्केटिंग ,,,,,,,, विजय मंडल, रिपोर्टर संगीता मिश्रा, फोटोग्राफर संजय पांडे और राजू डोरा सहित अन्य जन उपस्थित थे।





### पहले दिन सैकड़ों लोगों ने कराया रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि व आईएनएच द्वारा आयोजित डांडिया महोत्सव सीजन 10 को लेकर ट्विनसिटी के लोग ट्रेनिंग सेशन के पहले दिन ही काफी उत्साहित दिखे। इस उत्साह को और बढ़ाने विशेष ट्रेनिंग सेशन नृत्य कला मंदिर रिसाली की डायरेक्टर रानी नंदिनी और साई एरोबिक्स क्लासेस हुडको के डायरेक्टर संतोष काले के मार्गदर्शन में हरिश, जॉन, नवीन और बिट्टू द्वारा चौकड़ी, छकड़ी गरबा के बेसिक स्टेप्स सिखाये गये। साथ ही टिमली व भवानी गरबा में उपस्थित सभी लोगो ने ताल से ताल मिलाने की प्रेक्टीस की।





**आज छत्तीसगढ़ी गरबा व कचुकों के सीखेंगे स्टेप:** ट्रेनिंग सेशन के दूसरे दिन यानी आज छत्तीसगढ़ी गरबा, डाकला व कचुकों स्टेप मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। साथ ही पोपट, टिमली, सनेड़ो सहित गरबा व डांडिया के बेसिक स्टेप भी सीखाएं जायेंगे। निशुल्क ट्रेनिंग के इस आयोजन में सभी महिलाएं, बच्चें, युवक-युवतियां व सभी आयु वर्ग शामिल हो सकते है। डांडिया महोत्सव सीजन 10 के एसोसिएट सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, स्पर्श हॉस्पिटल रामनगर, एचटीसी रायपुर और बोल बम सेवा एवं कल्याण समिति के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में कोरियोग्राफर रानी नंदिनी, विशाल सिंह, हरिश, नवीन, विकास यादव दुर्ग, रुपल गुप्ता, भीमा विकास, सहित अन्य का विशेष सहयोग रहा। इस आयोजन से संबंधित जानकारी के लिए हरिभूमि कार्यालय 0788-4091720, 9755819129 में संपर्क किया जा सकता है।

### ढोलिडा गरबा ऑफ छत्तीसगढ़ का भिलाई में आयोजन

हरिभूमि व आईएनएच के तत्वावधान में गुंजन'स आयोजन द्वारा ढोलिडा गरबा ऑफ छत्तीसगढ़ का आयोजन 24 सितम्बर को चौहान एम्पीरियन, भिलाई में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में सेलिब्रिटी गरबा नाइट में बॉलीवुड व टेलीविजन की लोकप्रिय अभिनेत्री ऐश्वर्या राज भाकुनी मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक भारतीय संस्कृति एवं नवरात्रि उत्सव को भिलाई और आसपास के लोगों तक पहुँचाना है। कार्यक्रम में सभी आयु वर्गो के लिए प्रवेश निःशुल्क रखा गया है, जिसके लिए पास गुंजन'स आयोजन के इंस्टाग्राम अकाउंट पर उपलब्ध हैं। ऐश्वर्या राज भाकुनी के साथ गरबा नृत्य का अनुभव भिलाईवासियों को मिलेगा।

गुंजन'स आयोजन के प्रतिनिधियों का कहना है कि इस बार "ढोलिडा" भिलाई के लिए खास तौर पर डिज़ाइन किया गया है, ताकि यहाँ के गरबा प्रेमियों को भी गुजरात और अन्य महानगरों जैसी गरबा की ऊर्जा और भव्यता का अनुभव हो सके।

---

## परमेश्वरी मंदिर प्रगति नगर में भागवत कथा 22 से

**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति द्वारा 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक प्रगति नगर रिसाली स्थित परमेश्वरी मंदिर में क्वांर (शारदीय) नवरात्रि पर्व का भव्य आयोजन किया जा रहा है। नवरात्रि में प्रतिदिन मंदिर परिसर में आचार्य डॉ. नीलेश शर्मा द्वारा दोपहर 3 से 6 बजे तक श्रीमद् भागवत पुराण कथा भी सुनाई जाएगी।

- शोभायात्रा निकालकर लोगों को दिया निमंत्रण, मनोकामना ज्योति कलश की भी होगी स्थापना



समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने बताया कि हमेशा की तरह मंदिर में श्रद्धालुओं के द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। इसी परिप्रेक्ष्य में देवांगन समाज के लोगों ने शुक्रवार को परमेश्वरी भवन से नवरात्रि आमंत्रण रैली निकालकर घर घर जाकर नवरात्रि एवं भागवत कथा का निमंत्रण दिया। रैली में शामिल देवांगन समाज के लोगों ने बाजे गाजे एवं झंडे झंडियों के साथ प्रगति नगर, आशीष नगर, मैत्री कुंज कालोनी में घर-घर जाकर आमंत्रण पत्र बांटे। इस रैली का उद्देश्य प्रगति नगर के समीपस्थ कालोनियों के सभी वर्ग के निवासियों को नवरात्रि पर्व में शामिल करना और माता परमेश्वरी का आशीर्वाद प्राप्त करने का सुअवसर प्रदान करना था। 1 अक्टूबर दुर्गा नवमी को हवन के पश्चात विसर्जन एवं महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। शोभाायात्रा में विनोद देवांगन, गजेन्द्र देवांगन, रेशमलाल देवांगन, टेसूराम देवांगन, त्रिलोक देवांगन, दिनेश देवांगन, राजू देवांगन, सत्यपाल देवांगन सहित अन्य मौजूद थे।

## नीडर होकर करें रक्तदान, जान की सुरक्षा करने वितरित किया हेलमेट



**भिलाई।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के अवसर पर विशाल रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी में किया गया।

जिसमें भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान किया। रक्तदाताओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेलमेट और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि रक्तदान महादान है हमे जागरूक नागरिक होने का परिचय समाज में सेवा कार्य करते हुए देना चाहिए। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा ने रक्तदान के माध्यम से लोगो की जान बचाते हुए आत्मिक संतुष्टि प्राप्त होने की बातें कही। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं से इस महान कार्य में आगे आने का आह्वान किया और निडर होकर रक्तदान करने की अपील की।

---

**आईटीआई ग्राउंड खुर्सीपार में चल रही रामकथा का आज होगा समापन**

# सिंहदेवपुर ही वो स्थान जहां से भगवान राम वन की ओर पैदल निकले, अयोध्यावासियों को घर लौटने का दिया था आदेश

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** जीवन आनंद फाउंडेशन भिलाई द्वारा आईटीआई ग्राउंड खुर्सीपार में आयोजित राम कथा में राजन महाराज ने आठवें दिन भगवान राम के अयोध्या छोड़ने की कथा सुनाई। उन्होंने अयोध्या कांड की कथा सुनाते हुए कहा कि जब भरत भगवान राम को मनाने निकले, तो पूरी प्रजा उनके साथ निकली। सिंहवेदपुर तक रथ से पहुंचने के बाद उन्होंने सभी अयोध्यावासियो को विदा कर पैदल निकले, क्योंकि सिंहदेव पुर ही वह स्थान है, जहां से भगवान राम भी वन की ओर पैदल चले थे। चित्रकूट से अपने अश्व जिसका नाम कोतल था, उसकी लगाम हाथ में पकड़कर पैदल ही चल रहे थे। जब प्रयाग में गए तो त्रिवेणी में स्नान किया। भरत और राम मिलाप के बाद भगवन ने कहा मांगो वरदान जो मांगना है। महाराज ने कहा किसी भी ईश्वर से मांगना है, तो अपने ईश्वर के प्रति प्रेम मांगिए। यदि आप रामभक्त हैं और कृष्ण के मंदिर जातें हैं तो कृष्ण से राम के प्रति अपार प्रेम मांगिए। कोई क्या कह है इसपर मत जाना, कौन कह रहा है इसपर जाइए।



### रामकथा का आज अंतिम दिन, होंगे हवन पूजन

20 सितंबर को रामकथा का अंतिम दिन है। इस दिन विधि-विधान से हवन-पूजन और अन्य संस्कार पूरे होंगे। शुक्रवार को रामकथा के दौरान कथा में कई विशिष्ट और अतिविशिष्ट अतिथि भी पहुंचे। इनमें भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग के प्रधान पुजारी पहुंचे। प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेंद्र सिंह यादव सपरिवार पहुंचे। दुर्ग पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, भाजपा के वरिष्ठ नेता अवधेश चंदेल, केके मेमोरियल स्कूल के संस्थापक केके झा सहित अन्य भी रामकथा सुनने के लिए पहुंचे।



### भगवान के भक्त के साथ ना करें अपराध

राजन महाराज ने कथा में आगे कहा कि जीवन में कभी भी भगवान के भक्त के साथ अपराध मत करना राम जी से साथ अपराध करने वाले तो बच सकते हैं, लेकिन राम के भक्त का कभी अनादर नहीं करना चाहिए। दो तरह के लोग जिसके पास भी होते हैं उन्हें कोई भी लक्ष्य हासिल हो सकता है। एक जो उसके लिए किसी हद तक जा सकता है। दूसरा कहने पर किसी हद तक जा सकता है। राम जी के पास ऐसे दोनों लोग थे, जिनमें एक का नाम भरत था और दूसरे का नाम लक्ष्मण। महाराज ने भरत प्रेम का मनोरम चित्रण करते हुए समाज को संदेश दिया। भाई को भाई से बंटवारा करना है तो संपत्ति का बंटवारा नहीं करना चाहिए, बल्कि विपत्ति का बंटवारा करना चाहिए। राम ने भरत से कहा आज अयोध्या पर विपत्ति आई है, चलो इसका बंटवारा करते हैं। मैं 14 वर्ष वन में रहूंगा। भरत ने चिन्ह स्वरूप राम की चरण पादुका ले ली और अयोध्या में स्थापित कर उसकी पूजा करने लगे। भाई वन में जमीन में सोते थे। इसीलिए वे भी जमीन में सोते है। इसीलिए अयोध्यावासी उनके लिए अपार प्रेम करते हैं। मां का उपकार मनुष्य जीवन में बताते हुए कहा कि यदि शरीर का मांस निकालकर सात जन्मों तक भी मां की जूती बनाकर पहनाई जाए तब भी मां का ऋण नहीं उतारा जा सकता है। सीता मां जो जगत की माता है। उनके जगत के प्रति प्रेम का वर्णन करते हुए महाराज ने यह बात कही। अयोध्या कांड के बाद महाराज ने अरण्य कांड की कथा सुनाई। उन्होंने राम और माता शबरी के आत्मीय भेंट का वर्णन किया। कैसे भीलनी महिला ने दस हजार वर्ष तक प्रतीक्षा

## खबर संक्षेप



### दाऊ मंदराजी लोक कला अवार्ड से हरीश सम्मानित

**पाटन।** समता साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ राज्य इकाई के शिक्षक स्वाभिमान दिवस और हिन्दी दिवस पर प्रादेशिक सम्यक प्रबोधन, काव्य गोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम गोंडवाना भवन में हुआ। प्रबुद्ध नागरिकों, कवि, लेखकों, साहित्यकारों, पत्रकारों, उत्कृष्ट शिक्षकों, लोक कलाकारों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की शानदार भागीदारी, उल्लेखनीय उपस्थिति हुए। छत्तीसगढ़ के 55 प्रतिभावान व्यक्ति को सम्मानित किया गया, जिसमें उरला पाटन से हरीश साहू को कला के माध्यम से समाज में मानवता, बंधुता, समता, स्वतंत्रता तथा न्याय प्रिय दायित्व के निर्वहन में महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों, अंधविश्वास, जातिभेद, असमानता, विषमता एवं शोषण के खिलाफ जनजागृति का उल्लेखनीय कार्य किया। उन्हें दाऊ मंदरा लोक कला अवार्ड 2025 के राज्य अलंकरण से सम्मानित किया गया। दुर्ग जिले से ही भगवती साहू, प्रभा साहू, विनीता साहू, अभिषेक टंडन भी सम्मानित किए गए।

### प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग जब्त, कार्रवाई जारी



**कुम्हारी।** नगर पालिका परिषद कुम्हारी क्षेत्रान्तर्गत 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025' के तहत प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग जप्त किए गए। वहीं चेतावनी के साथ जुर्माना भी वसूला गया।इस दौरान 48 दुकानों एवं 22 ठेला व्यवसायियों का निरीक्षण किया गया। जिसमें 14 दुकानों से लगभग 5 किलो 235 ग्राम प्रतिबंधित प्लास्टिक कैरी बैग जप्त करते हुए 5100/- रू. का जुर्माना वसूल किया गया साथ ही सभी दुकानदारों को प्लास्टिक कैरी बैग उपयोग न करने की समझाइश भी दी गई। कार्यवाही के दौरान राजस्व प्रभारी नितिन श्रीवास एवं कैलाश देवदास के साथ राजस्व विभाग के अन्य प्लेसमेन्ट कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विश्वकर्मा पूजन का आयोजन



**उतई।** प्रिज्म संस्थान महकाखुर्द उतई, भिलाई में विश्वकर्मा जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई ।संस्था प्रमुख श्री रुपेश कुमार गुप्ता, डायरेक्टर ख्याति साहू , असीम साहू ,आईटीआई के प्राचार्य ललित कुमार साहू, डॉक्टर दुर्गा त्रिपाठी, करण साहू, मुकेश साहू, निधि यदु, शिवानी सिंह,स्कूल के प्राचार्य डूमेश देवांगन आदि शामिल हुए।

### महाआरती 24 को

**भिलाई।** फ्री गरबा क्लासेस 21 सितंबर को शाम 5 बजे सूर्या मॉल में महाआरती शाम 7 बजे होगा। ऑर्गनाइजर रोजलीना सिंह व शीतल भगवानी ने बताया कि मोर रास गरबा 24 सितंबर शाम 6 बजे स्टील क्लब सेक्टर 8 भिलाई में होगा। जिसमें स्पेशल गेस्ट अंजली पवार होगी।जिसके लिए सात दिनों से तैयारी चल रही है। इसमें युवक, युवती और महिलाएं भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। लोगों के भीड़ से अच्छा रिस्पांस मिल रहा है।

## निधन

### सुशीला खरे



**भिलाई।** समता कालोनी, इंदिरा नगर चरोदा निवासी सुशीला खरे 75 वर्ष का 19 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 20 सितंबर को दोपहर 12 बजे चरोदा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे बीएल खरे की पत्नी एवं पत्रकार शैलेन्द्र खरे की मां थीं।

## मुहिम : 'वोट चोर गद्दी छोड़' आंदोलन के नेता पहुंचे धमधा नगरी

# स्वागत से अभिभूत पायलट बोले-ऋणी रहूंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

प्रदेशव्यापी 'वोट चोर गद्दी छोड़' आंदोलन कर रही कांग्रेस पार्टी का कार्यक्रम बेमेतरा जिला से होने के बाद नेताओं का काफिला धमधा नगर होते हुए दुर्ग गया।जिसमें प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलेट,प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, शिव कुमार डहरिया और विधायक देवेंद्र यादव सहित कई दिग्गज नेता शामिल रहे। वही धमधा नगर में रात में कांग्रेस नेतागण पहुंचे, जहां ढोल नांगाड़ो के साथ गर्म जोशी से सभी नेताओं का स्वागत किया।इस मौके पर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि इस प्रकार आपका स्वागत जिसका मै हमेशा ऋणी रहूंगा। पूरा देश राहुल गांधी के नेतृत्व में 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान का हिस्सा बन रहा है। आप भी गांव गांव जाकर यह जान संदेश फैलाए और वोट अधिकार जनता तक पहुंचाए। वहीं पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा कि भाजपा वोट की चोरी करके सत्ता में आ रही है। छत्तीसगढ़ में भी 5000 के आसपास मतों से हारी हुई तकरीबन 20 विधानसभा है जहां ऐसे हालातों की वजह यह वोट चोरी हो सकती है। इस मौके पर नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुनीता गुप्ता,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धमधा के अध्यक्ष शिव कुमार वर्मा,जिला कांग्रेस महामंत्री राजीव गुप्ता ,अशोक कसार,मधुसूदन राणा, शमशीर कुरैशी,रजत नायक,अरुण साहू,सुरेंद्र यादव,पूर्व सभापति लुमेश्वर पटेल, महेंद्र यादव,संदीप गुप्ता,निर्मल जैन, जितेन्द्र वर्मा,ज्वाला साहू, श्रवण साहू, जीवन निर्मलकर, अघनु पाल, देवेन्द्र चंदेल ,अनिल साहू, त्रिलोकी पटेल, कामदेव साहू, ईश्वरीय निर्मलकर, परमेश्वर यादव, दिलीप जंघेल, डामन वर्मा, जालम पटेल, टीकाराम उमरे, रोमन पटेल, ललित सोनकर, केबी वर्मा, हरख साहू, आकाश द्विवेदी, प्रहलाद यादव, दुखित पटेल और संतलाल बंजारे सहित समस्त कांग्रेसी मौजूद रहे।

**ढोल नगाड़ों से कांग्रेसियों का हुआ भव्य स्वागत**




## नौ सूत्रीय मांगों को लेकर कृषि अधिकारियों का आंदोलन जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ का नौ सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन जारी है। इसी कड़ी में पाटन ब्लॉक मुख्यालय स्थित कृषि विभाग कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी एवं मैदानी अमले के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी भी हड़ताल में शामिल हुए। आंदोलनरत अधिकारियों ने प्रदेश संगठन के आह्वान पर आज अपनी मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम पाटन को सौंपा। संघ के कार्यकारी प्रांताध्यक्ष लिखेश कुमार वर्मा ने बताया कि ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को लंबे समय से कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उनकी प्रमुख मांगों में वेतनमान में संशोधन, कार्यक्षेत्र का पुनर्निर्धारण, मासिक स्थायी भत्ते में वृद्धि, तथा विभागीय कार्यों के सुचारु संपादन हेतु मोबाइल, स्टेशनरी और संसाधन भत्ता उपलब्ध कराने जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसके अलावा, संघ ने कृषि विकास अधिकारियों और विस्तार अधिकारियों के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाएँ तथा उचित कार्य वातावरण उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया है। वर्मा ने कहा कि संघ लगातार सरकार को अपनी समस्याओं से अवगत करा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी जायज मांगों पर शीघ्र निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि वेतनमान और भत्तों का उचित निर्धारण होने से न केवल उनका मनोबल बढ़ेगा बल्कि किसानों को बेहतर तकनीकी और परामर्श सेवाएँ भी समय पर मिल पाएगा।

■ संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, रखी गई मांगें

## सेवानिवृत्त प्रधानपाठकों तथा व्याख्याताओं को काल्पनिक पदोन्नति देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेसी को प्राचार्य पदोन्नति हेतु पात्र रहे सेवानिवृत्त प्रधानपाठकों तथा व्याख्याताओं को काल्पनिक पदोन्नति देने ई-मेल किया है।

प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, राकेश चन्द्र साहू, देवेंद कुमार बंछोर जिला अध्यक्ष दुर्ग ,कुबेर देशमुख प्रांतीय सचिव, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार चंद्राकर , डॉ बसंत कुमार दास संभाग अध्यक्ष, देशबन्धु शर्मा एवं .कृष्ण कुमार धुरंधर ने बताया कि छत्तीसगढ़ राजपत्र 5 मार्च 2019 द्वारा एजुकेशन एवं ट्राइबल के शिक्षक संवर्गों के लिये समेकित भर्ती-पदोन्नति नियम बनाया गया था। प्राचार्य पद पर पदोन्नति हेतु मार्च/अप्रैल 2025 में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में पात्र व्याख्याताओं एवं प्रधानपाठकों के पदोन्नति हेतु विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक (डी.पी.सी) हुआ था। लेकिन विभागीय प्रक्रिया में व्यवधान के फलस्वरूप 30/4/25 को टी-संवर्ग में 1335 तथा ई-संवर्ग में 1478 प्राचार्य पदोन्नति आदेश जारी हुआ था। लेकिन टी-संवर्ग अंतर्गत जारी पदस्थापना आदेश दिनाँक 29/8/25 को जारी हुआ था। जिसमें 30/4/25 से 31/7/25 तक टी-संवर्ग के सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं प्रधानपाठकों के नाम पदस्थापना आदेश से हटा दिया गया था। जबकि विभाग के द्वारा टी संवर्ग में प्राचार्य पदोन्नति हेतु पात्र रहे सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं प्रधानपाठकों को प्राचार्य पद पर काल्पनिक पदोन्नति कार्य नहीं वेतन नहीं के सिद्धांत के आधार पर काल्पनिक पदोन्नति आदेश जारी करना था।जोकि ई-संवर्ग में प्राचार्य पदोन्नति आदेश तिथि एवं पदस्थापना आदेश तिथि तक में भी लागू होगा।

उन्होंने बताया कि मंत्रालय स्कूल शिक्षा विभाग के आदेश 6/10/18 के द्वारा 171 व्याख्याताओं/प्रधानपाठकों (माध्यमिक शाला स्नातकोत्तर) को 15600-39100 ग्रेड पे 5400 (वेतन मैट्रिक लेवल-12) में काल्पनिक पदोन्नति कार्य नहीं वेतन नहीं के सिद्धांत पर किया गया था।

नोशनल पे फिक्सेशन होने से संबंधितों को पेंशन एवं ग्रेच्यूटी में आर्थिक लाभ मिला था। प्राचार्य पद का वास्तविक लाभ भले ही नहीं मिला हो लेकिन सेवानिवृत्त प्राचार्य का पदनाम मिला था। फेडरेशन ने सेवानिवृत्ति के कारण प्राचार्य पदोन्नति से वंचित हुए पात्र व्याख्याता एवं प्रधानपाठकों को कार्य नहीं वेतन नहीं सिद्धांत के अंतर्गत काल्पनिक पदोन्नति देने का माँग शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से किया है।

■ छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने शिक्षा सचिव को भेजा ई-मेल

### बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन, बांटी पेन, कॉपी व आवश्यक सामग्री

**उतई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे और नगर पंचायत उतई के पूर्व पार्षद संजय गिरी गोस्वामी के जन्मदिन पर नगर पंचायत उतई की प्राथमिक शाला के सभी बच्चों को पेन,कॉपी, चॉकलेट एवं फल दिए गए। एनएस यू आई के प्रदेश सचिव शिवांग साहू, नगर पंचायत उतई के नेता प्रतिपक्ष द्वारिका प्रसाद साहू, पूर्व पार्षद तोषण साहू, टिल्लू साहू, तिलक राम साहू और किशोर साहू ने बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया । इस मौके पर स्कूल के लालाराम साहू प्रधान पाठक, आयुष मजूमदार, हेमलता देशमुख, मीना वर्मा एवं बुधारू राम साहू मौके पर उपस्थित थे।



**बिजनेस साइट**

### भारती विश्वविद्यालय में मनाया अभियंता दिवस एवं विश्वकर्मा जयंती

**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में अभियंता दिवस एवं विश्वकर्मा जयंती उल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विधि-विधान से भगवान विश्वकर्मा का हवन, पूजन और आरती सम्पन्न की गई। इंजीनियरिंग विभागों की विभिन्न मशीनों की भी पूजा-अर्चना की गई। अभियंता दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं तथा आकर्षक मॉडल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी तकनीकी रचनात्मकता और ज्ञान का परिचय देते हुए अपनी-अपनी तकनीकी शाखाओं से संबंधित अभिनव मॉडल प्रदर्शित किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सिविल इंजीनियरिंग शाखा के विद्यार्थियों मनीष, हर्ष, वेदांत, आदित्य, शुभम और अभिषेक द्वारा प्रस्तुत हाइड्रोलिक ब्रिज मॉडल को मिला, जिसमें हाइड्रोलिक प्रणाली के माध्यम से पुल को उठाने और गिराने की प्रक्रिया प्रदर्शित की गई थी, जो वास्तविक जीवन में जलमार्गों पर यातायात नियंत्रण हेतु उपयोगी तकनीक का उत्कृष्ट उदाहरण है। द्वितीय स्थान कंप्यूटर साइंस शाखा के छात्र तनिष्क को उनके कंप्यूटर गेम मॉडल के लिए प्रदान किया गया, तृतीय स्थान पर दो मॉडल चयनित हुए पहला वायरलेस ई-व्हीकल चार्जिंग इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स शाखा जिसे आदित्य, हेमेश और सौरभ ने प्रस्तुत किया था। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं संकाय सदस्यों ने विजेताओं को हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार, डायरेक्टर घनश्याम साहू, डीन अकादमिक्स डॉ. आलोक भट्ट द्वारा दीप प्रज्वलन तथा विधि-विधान से पूजा अर्चना के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में डीन अकादमिक्स आलोक भट्ट एवं विशेष अतिथि के रूप में भिलाई स्टील प्लांट की महाप्रबंधक प्रीति भटनागर उपस्थित रहीं। दोनों अतिथियों ने छात्रों को मार्गदर्शन देते हुए इंजीनियरिंग की उपयोगिता, अवसरों और समाज के विकास में उसकी भूमिका पर प्रकाश डाला।



### बरहापुर में विशाल रक्तदान, साइकिल वितरण और गुरुओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा ब्लॉक के ग्राम बरहापुर में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया साथ की छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती पर्व पर शिक्षकों का सम्मान और सायकल वितरण किया गया। इस मौके पर क्षेत्र के विधायक ईश्वर साहू और पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव लाभचंद बाफना भी शामिल हुए । वही कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी नृत्य की शानदार प्रस्तुति भी दी जिस पर विधायक ईश्वर साहू ने प्रोत्साहित भी किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षकों का सम्मान किया गया और सभी 80 हितग्राही बच्चों को निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम में विधायक ईश्वर साहू ने कहा कि रक्त दान सबसे बड़ा महा दान है जो कि आज बरहापुर के पवन धरा में किया जा रहा है विधायक ईश्वर साहू ने सभी शिक्षकों का मंच से अभिवादन किया। वही पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव लाभचंद बाफना ने कहा कि पहली बार बरहापुर जैसे बड़े और शिक्षित गांव में इस आयोजन देखने को मिला है सभी आयोजन समिति को शुभकामनाएं। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेंद्र ब्रह्मभट्ट ,पूर्व अध्यक्ष रमन लाल यादव,दिलीप गुप्ता,पवन शर्मा उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग, धरमपाल वर्मा, बहल वर्मा इस कार्यक्रम के आयोजक छत्रपाल सिंह चंदेल पूर्व सरपंच बरहापुर, सागर वर्मा अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति बरहापुर, बुधारु साहू उपसरपंच बरहापुर, रामकुमार यादव, रेवती रमन दुबे, उमेश साहू, फैट साहू, अजय वर्मा, तारण साहू, राजेंद्र कोशरे, रामेश्वर साहू, मंशाराम साहू सहित सभी ग्रामीणजन मौजूद रहे। वही इस कार्यक्रम में जिला चिकित्सा विभाग द्वारा शिविर हेतु तैयारी की गई सभी का बीपी चेक किया गया और रक्त लिया गया।



**आम सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकारा का नाम श्रीमती प्रिया गुप्ता पति श्री संजीव गुप्ता है, जो मकान नंबर 278, वार्ड नंबर 25, स्टेशन रोड, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग की स्थायी निवासी है। और वर्तमान में इसी नाम से जानी, पहचानी व समझी जाती है।

यह कि इसके पूर्व मेरे पक्षकारा के दस्तावेजों के रिकार्ड अनुसार प्रिया संजीव गुप्ता पति संजीव गुप्ता के नाम से दर्ज है और पूर्व में इसी नाम से जानी, पहचानी जाती थी!

यह कि इस प्रकार से उक्त दोनों ही नाम अर्थात वर्तमान नाम श्रीमती प्रिया गुप्ता व पूर्व नाम प्रिया संजीव गुप्ता मेरे पक्षकार का ही नाम है, भिन्न-भिन्न व्यक्तियों का नाम नहीं है, इसी के समर्थन में यह आम सूचना प्रकाशन किया गया है!

सो सूचना जाने!

स्थान-दुर्ग
दिनांक-18/09/2025

(हस्ताक्षर)
बलराम सिंह वर्मा, अधिवक्ता
तहसील परिसर, दुर्ग (छ.ग.)
मो. 9300665251
सदस्य - जिला अधिवक्ता संघ, दुर्ग
मुहर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

क्रमांक 72 रा.नि. 2025, कोहका, दिनांक: 08/09/2025

प्रति,

1. आवेदक -श्रीमती चम्पा देवी ध.प./लखन लाल निवासी-कुरुद, भिलाई, दीपक साहू - 2718025842, 2. चंद्रिका साहू, 3. सलमा परवीन, 4. हरेरामसिंग, 5. महावीर डेवलपर्स, 6. डोगेन्द्र साहू।

**विषय:** सीमांकन/स्थल जांच के संदर्भ में सूचना बाबत्।

ग्राम कुरुद प.ह.न. 46 रा.नि.मं. कोहका,तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1115/2 रकबा 0.030 हे. का सीमांकन/स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर/अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर /अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 1093 दिनांक 27/6/2025 के परिपालन में दिनांक 22/09/2025 को समय 11 बजे से 5 बजे के बीच में सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

मुहर
राजस्व निरीक्षक, कोहका

**:: आम सूचना ::**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती सोनम श्रीवास्तव पति श्री शरदकिशोर श्रीवास्तव रायपुर (छ.ग.) जो कि स्व. मोतीलाल श्रीवास्तव पिता स्व. श्री गोकुल प्रसाद श्रीवास्तव निवासी शंकर नगर कुम्हारी जिला दुर्ग (छ.ग.) की पोती हैं। स्व. मोतीलाल श्रीवास्तव की दिनांक 12.05.2025 को तथा दादी स्व. श्रीमती माया देवी का निधन दिनांक 05.09.2019 को स्थान कुम्हारी जिला दुर्ग में स्वर्गवास हो गई है।

मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि स्व. मोतीलाल श्रीवास्तव एवं स्व. श्रीमती माया देवी श्रीवास्तव के नाम की भूमि संपत्ति जो कि ग्राम कुम्हारी तहसील भिलाई 3 जिला दुर्ग में स्थित है को उनके अन्य वारिसान पुत्र श्री रामगोपाल श्रीवास्तव, श्री रामकुमार श्रीवास्तव, श्री विजय श्रीवास्त एवं श्री संतोष श्रीवास्तव एवं अन्य वारिसान पौत्र दीपक श्रीवास्तव एवं आयुष श्रीवास्तव के द्वारा बिना मेरे पक्षकार के जानकारी के ही अन्यथा अंतरण व्ययन किए जाने का प्रयास किया जा रहा है जबकि स्व. मोतीलाल श्रीवास्तव और स्व. श्रीमति मायादेवी श्रीवास्तव के संपत्ति में हिंदु उत्तराधिकार अधिनियम के तहत मेरे पक्षकार का भी अविभाजित भी हक हिस्सा निहित है।

अतः एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि स्व. मोतीलाल श्रीवास्तव एवं स्व. श्रीमति मायादेवी श्रीवास्तव की भूमि संपत्ति जो ग्राम कुम्हारी तहसील भिलाई तीन जिला दुर्ग में स्थित है के संबंध में मेरे पक्षकार के जानकारी के बिना किसी प्रकार का कोई संव्यवहार ना करें अन्यथा ऐसे संव्यवहार करने वाले व्यक्ति को किसी प्रकार का हक आधिपत्य एवं स्वामित्व प्राप्त नहीं होगी तथा भविष्य में अनावश्यक विवादों का सामना करना पड़ेगा उपरोक्तानुसार सूचना जाने तथा किसी भी प्रकार के संव्यवहार से विरत रहें।

रायपुर रायपुर
दिनांक 17 सितम्बर 2025

भवदीय
महेशमणी साहू अधिवक्ता
एफ एफ 47 डी-ई प्रथम तल श्याम प्लाजा
पण्डरी रायपुर (छ.ग.) मो. 9425216457

## अंचल की खबरें

### हिंदी पत्रकारिता की द्विशताब्दी पर समारोह कलामंदिर में कल, वसुंधरा के आयोजन में जुटेंगे पत्रकार व लेखक



**भिलाई।** हिंदी पत्रकारिता की द्विशताब्दी के ऐतिहासिक अवसर पर वसुंधरा के द्वारा वैचारिक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। रविवार को ढाई बजे महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजित है। समारोह को वरिष्ठ पत्रकार, संपादक,लेखक संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक विनोद मिश्र ने बताया कि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव मुख्य अतिथि होंगे।अध्यक्षता हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डां. हिमांशु द्विवेदी करेंगे। वरिष्ठ लेखक अनंत विजय तथा भारतीय जनसंचार संस्थान दिल्ली के पूर्व महानिदेशक, माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विवि के हिंदी विभाग के आचार्य डा.संजय द्विवेदी समारोह में मुख्य वक्ता और छग साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा अतिथि वक्ता होगे। संचालन पत्रकार डा.विश्वेश ठाकरे व श्वेता उपाध्याय करेंगी।

### धनोरा में धूमधाम से मनाई विश्वकर्मा जयंती



**उतई।** धनोरा में विश्वकर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। सत्तीपारा मंच में भगवान गणेश और विश्वकर्मा भगवान के मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित किया गया। पश्चात विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना की गई। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच मनीष कुमार साहू, मनेश साहू, पंच मोतीलाल साहू, चेतन साहू, दिनेश कुमार साहू, ममता साहू, सीमा मधुकर, मनेश साहू, लोमश यादव, युवराज साहू, धनऊ राम, संतलाल ठाकुर, ज्ञानचंद, रामस्वरूप ठाकुर, मन्थीर, थानसिंग, ओमप्रकाश, कोमल, कमल, मुकेश साहू, गोविंद, नागेश, नरेंद्र, राजेश, रमेश, लालेश, हेमकुमार, युवराज, कुणाल और श्रवण आदि उपस्थित थे।

### कुम्हारी में हर्षोल्लास से मनाई विश्वकर्मा जयंती



**कुम्हारी।** नगरपालिका परिषद कुम्हारी सहित नगर के विभिन्न संस्थानों में लोगों ने पूरे हर्षोल्लास एवं श्रद्धा से विश्वकर्मा जयंती मनाई। नगरपालिका में कर्मचारियों द्वारा विभागों के वाहन एवं उपकरणों की पूजा अर्चना की गई। पूजा पश्चात सभी को प्रसाद का वितरण किया गया। इसी तरह जी ई रोड स्थित के एस के इंजीनियरिंग इंड्रस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड में भी विधि विधान से विश्वकर्मा भगवान की स्थापना कर पूजा अर्चना एवं आरती की गई। पूजा में कंपनी के मैनेजर बजरंग अग्रवाल, वरिष्ठ इंजीनियर डी के अग्रवाल , विद्या शंकर पांडे , प्लांट इंचार्ज सुरेश पाण्डेय एवं ठेकेदार वीरेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### पीएम मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा



**भिलाई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 वे जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत सेक्टर 2 व 8 भिलाई के वृद्धाश्रम में फल वितरण किया गया। जिसमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता हस्तशल्पि बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष दीपक ताराचंद साहू, भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री संतोष मारकंडेय ,प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ दुर्ग संभाग अध्यक्ष देव कुमार साहू, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा दुर्ग के जिला महामंत्री अनिल साहू, पंकज राठौर, लोकेश साहू, विजय साव, शुभम साहू, दीपक सिन्हा, वेद प्रकाश साहू समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### बोरी में चला स्वच्छता अभियान, होंगे सामाजिक कार्यक्रम



**भिलाई।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा 2025 की शुरुआत की। 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में महिला स्वास्थ्य, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान और विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम होंगे। इसी तारतम्य में धमधा के पीएम श्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल बोरी के प्रांगण में साफ सफाई की गई। इसमें शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अरविंद पटेल, शाला के प्रभारी प्राचार्य गुलनाज बानो, शाला विधायक प्रतिनिधि चेमन देशमुख, देवलाल दिल्लीवार, प्रभु उमरे, वरिष्ठ शिक्षक रामजी सिंग, व्याख्याता राजेश शुक्ला, प्रधानपाठक दीपिका बघेल सहित सहित अन्य मौजूद थे।

HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भिलाई महिला समाज में दोना-पत्तल यूनिट शुरू

**भिलाई।** भिलाई महिला समाज ने विश्वकर्मा पूजा पर दोना पत्तल निर्माण की नई यूनिट बीएमएस सेक्टर-1 में किया। मशीन का उद्घाटन समाज की कार्यकारी अध्यक्ष स्मिता गिरी द्वारा किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष प्रणोति मुखोपाध्याय, मौली चक्रवर्ती, छवि निगम, पूनम कुमार, रेणुका रविंद्रनाथ, महासचिव सोनाली रथ, सह सचिव चैती पाल, कोषाध्यक्ष शिखा जैन, सह कोषाध्यक्ष रीता तिवारी, वर्किंग कमेटी सदस्य रूखसाना शेख, सपना सोनी, सुषमा सलवटकर, लक्ष्मी पटेल, बबीता सिंह, रागिनी शर्मा, सुधा शर्मा आदि उपस्थित थीं।

### आलबरस में स्वच्छता पखवाड़ा शुरू



**दुर्ग।** आलबरस में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, सीईओ बजरंग दुबे, सभापति श्रद्धा साहू, सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, गिरीश साहू, बेला यादव, मुकेश बेलचंदन, लिकेश्वर देशमुख सहित अन्य मौजूद थे। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर स्वच्छग्राहियों को प्रशस्ति पत्र एवं चेक वितरित किया गया। व्यक्तिगत शौचालय निर्माण के लिए पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश भी प्रदान किए गए, जिससे खुले में शौच से मुक्ति की दिशा में मजबूती से कार्य किया जा सके। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। सेग्रीगेशन शेड, सोख्ता गड्ढा, नाडेप, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट, फिकल स्लज मैनेजमेंट इकाई आदि की जानकारी दी गई।15वें वित्त के मद से न्यूनतम 3000 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिए जाने की जानकारी दी गई। सभापति श्रद्धा साहू ने बर्तन बैंक की स्थापना कर प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के लिए प्रेरित किया।

### पितर नेवता में आज शामिल होंगे पूर्व सीएम

**दुर्ग ।** छत्तीसगढ़ के निर्माण एवं विकास में योगदान देने वाले छत्तीसगढ़ी पुरखों को भूपेश विचार मंच छत्तीसगढ़ ने याद किया है। उनकी स्मृति में पितृ पक्ष में आज 20 सितंबर को सुबह 11 बजे सतनामी आश्रम सिविल लाईन में पितर नेवता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर सुबह 11 बजे छत्तीसगढ़ के महापुरुषों का वंदन-पूजन, दोपहर 12 बजे छत्तीसगढ़ महतारी की वंदन भजन की प्रस्तुति, दोपहर 1 बजे अतिथियों एवं प्रमुख वक्ताओं का उद्बोधन एवं दोपहर 2 बजे पितर भोज का आयोजन किया गया है। पितर नेवता कार्यक्रम की तैयारी में भूपेश विचार मंच के संयोजक मोहन हरमुख, अध्यक्ष संजय देशमुख, महासचिव रायसिंह ढिकोला व अन्य सदस्य जुट रहे है। उन्होने लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन चुनाव में एनके बंछोर और मुकेश कुल्मी पैनल के बीच मुकाबला

# दिनभर गहमागहमी के बीच 90.5 प्रतिशत मतदान

**शुक्रवार की देर रात तक बंछोर चल रहे थे आगे, नतीजे जानने उत्सुक रहे सैकड़ों अधिकारी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन (2025-27 ) का बहुप्रतीक्षित प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव आज शुक्रवार को भारी उत्साह और गहगाहमागहमी के माहौल में संपन्न हुआ। भिलाई क्लब सहित माइंस एरिया में सदस्य अधिकारियों द्वारा मतदान किया गया। 90.5 प्रतिशत मतदान हुआ। वोटिंग के बाद मतगणना शुरु हुई, नतीजे देर रात तक घोषित होने के आसार हैं।

चुनाव ओए की परंपरा के अनुसार शांतिपूर्ण हुआ वहीं जोशीले नारों के साथ युवा प्रत्याशियों के समर्थक खासे उल्लासित दिखे। मतदान के दौरान अध्यक्ष पद के प्रत्याशी एनके बंछोर और मुकेश कुल्मी के पैनल के बीच दिलचस्प मुकाबले का माहौल दिनभर बना रहा।

भिलाई क्लब सिविकसेंटर में ओए चुनाव के लिए आज सुबह से भारी उत्साह का वातावरण देखा गया। अध्यक्ष पद के लिए जीएम एनके बंछोर व डीजीएम मुकेश कुल्मी व कोषाध्यक्ष के लिए सीनियर मैनेजर सौभाग्य रंजन साहू और अभिषेक कोचर के बीच सीधा मुकाबला था। जबकि महासचिव के लिए डीजीएम सुधीर रंजन बालचंदानी रामटेके, एजीएम अंकुर मिश्रा, एजीएम तुषार सिंह टिकरिहा,एजीएम अजय कुमार चौरसिया व एजीएम विजय कुमार आर्य में पंचुष्कोणीय टक्कर हुई। जेडआर के लिए 11 जोन में 16 पद के लिए चुनाव हुआ। कुल 44 पोस्ट में 26 पहले ही निर्विरोध चुने जा चुके हैं। रेल मिल के 2 फार्म रिजेक्ट हुए। भिलाई क्लब में आज सुबह 9.30 बजे से शाम 7 बजे तक भिलाई क्लब सहित राजहरा माइंस क्लब में मतदान हुआ। हिर्री व कुटेश्वर माइंस के सदस्यों ने पोस्टल बैलेट पेपर से वोट डाले। दल्ली राजहरा में 126, नंदिनी माइंस में लोगों ने वोट डाले। शाम 5.30 बजे तक 2344 सदस्य बीएसपी अधिकारियों में 1572 लोग मतदान कर चुके थे । शाम 7 बजे तक कुल मतदान करीबन 80 प्रतिशत हुआ। मतदान को लेकर प्रत्याशियों व समर्थकों में सुबह से ही जोश दिखा वहीं वोट डालने सदस्य भी उत्साहित थे। सेकंड व जनरल शिफ्ट छूटने के बाद वोटरों की भीड़ बढ़ती गई। पहले दो घंटे यानी 11.30 बजे तक 295 अधिकारी वोट डाल चुके थे। दोपहर 3 बजे तक साढ़े 6 सौ और शाम 5.45 बजे तक 67.5 प्रतिशत यानी 1572 अधिकारी मतदान कर चुके थे। जनरल शिफ्ट छूटने के बाद अधिकारी इस्पात भवन व प्लांट से सीधे घर के बाजए वोट डालने क्लब पहुंच रहे थे। शाम 7 बजे तक मतदान के लिए भिलाई क्लब के बैडमिंटन कोर्ट व हाल में लंबी लंबी कतारें दिखी। कुल मतदान 90, 5 फीसदी यानी 2123 अधिकारियों ने मतदान किया।













#### मिनी ननि(मेयर) चुनाव का माहौल

ओए चुनाव में मतदान के दौरान इस बार अभूतपूर्व माहौल दिखा। मिनी नगर निगम (मेयर) चुनाव की तरह भिलाई क्लब परिसर में सुबह मतदान शुरु होने से लेकर मतगणना व परिणाम की घोषणा तक हजारों अधिकारी व समर्थकों में जोशीला माहौल रहा। अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष व महासचिव के प्रत्याशियों सहित सैकड़ों समर्थक, जिनमें महिला अधिकारी भी शामिल थीं, हाथ में हैंडबिल, पोस्टर व बिल्ले लेकर वोटरों से वोट की अपील कर रहे थे। समर्थक हाथों में प्रत्याशी की तस्वीर व मुद्दे की तख्तियां लेकर हाथ जोड़कर अपने प्रत्याशियों को जिताने की पुरजोर अपील कर रहे थे। 4 बार के अध्यक्ष रहे एनके बंछोर के बजाए पहली बार चुनाव लड़ रहे मुकेश कुल्मी के समर्थक समर्थन की तख्ती लटकाए अपने पत्र में माहौल बनाते अधिक जोश में दिखे। वहीं कोषाध्यक्ष प्रत्याशी सौभाग्यरंजन साहू के युवा समर्थक जोश में कोई नहीं है टक्कर में ...व हमारा नेता कैसा हो जैसे जोशीले नारे लगा रहे थे। मिनी निगम के चुनाव की तरह पचासों कारें भी चुनाव में लगी थीं। कारों में बैनर पोस्टर चिपकाए गए थे। कुछ प्रत्याशियों ने लाखों खर्च किए। महिला समर्थक उत्साहित थीं लेकिन महिला वोटरों में हर बार की तरह उत्साह कम दिखा।

#### चुनाव कमेटी ने काउंटिंग के लिए बहाया पसीना

मतदान के बाद रात करीब 9 बजे भिलाई क्लब में ही मतगणना शुरु हुई। चुनाव अधिकारी जीएम जेएन ठाकुर, जीएम संदीप झा, जीएम विकास चंद्रा व मैनेजर सैफुद्दीन फजली के निर्देशन में चुनाव व प्रबंध समिति की जया रथ, प्रियंका, शिवा थामस,मिहिर मनोहर, शशांक राव व जीवेश विजय सहित करीब 40 कर्मियों की टीम काउंटिंग में जुटी रही। सबसे पहले खनि नगरियों के पैलेट पेपर की गिनती हुई । फिर 2 स्थानों पर अलग अलग टेबलों में भिलाई के वोटरों के मतपत्रों की छंटाई यानी अध्यक्ष के यलो व जीएस के ब्ल्यू और कोषाध्यक्ष के पिंक मतपत्रों के सौ, सौ के बंडल बनाए गए। फिर काउंटिंग शुरु हुई। इस दौरान काउंटिंग हाल के बाहर क्लब के अंदर परिसर उम्मीदवारों के समर्थकों से खचाखच भरा था और बाहर सैकड़ों सदस्य उत्सुकता से जम हुए थे। हर राउंड के बाद जैसे ही चुनाव अधिकारी द्वारा अध्यक्ष सहित जीएस व कोषाध्यक्ष के प्रत्याशियों के रुझानों का ऐलान किया जाता, समर्थक जोश से नारेबाजी कर रहे थे। मतदान व मतगणना के दौरान ओए के पूर्व पदाधिकारी परविंदर सिंह, महासचिव केके यादव, शाहिद अहमद, कोषाध्यक्ष केएन राय व उपाध्यक्ष निखिल पेठे आदि पूर्व पदाधिकारी भी डटे रहे। इन पंक्तियो के लिखे जाते तक मतगणना चल रही है। अध्यक्ष प्रत्याशी श्री बंछोर व कोषाध्यक्ष के लिए सौभाग्य आगे चल रहे हैं । वहीं जीएस के लिए अंकुर मिश्रा व तुषार सिंग में में कड़ी टक्कर की खबर है। नतीजे रात 1 बजे के बाद घोषित होने के आसार हैं।

## कस्टमर मीट में पारदर्शिता व नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के उपलक्ष्य में भिलाई इस्पात संयंत्र के विपणन एवं व्यवसाय नियोजन

- ग्राहकों के साथ संबंध दृढ़ करने दिया जोर

विभाग (एम एंड बीपी) द्वारा इस्पात भवन स्थित एम एंड बीपी सभागार में कस्टमर मीट समारोह का आयोजन किया गया। डिफेक्टिव स्टील स्क्रैप, स्लैग, कोल केमिकल्स, पिग आयरन और कमर्शियल रेल के ग्राहकों एवं खरीदारों के साथ-साथ संयंत्र के सतर्कता, वित्त, सुरक्षा, सी एंड आईटी, एमआरडी एवं अन्य संरक्षक विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

उद्घाटन कार्यपालक निदेशक एके चक्रवर्ती द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में सभी व्यावसायिक लेन-देन में पारदर्शिता, सत्यनिष्ठा और वैधानिक आवश्यकताओं के पालन पर बल देते हुए ग्राहकों के साथ संबंध प्रबंधन को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया।मुख्य महाप्रबंधक (सतर्कता) एवं एसीवीओ सुनील सिंघल ने सतर्कता विभाग की कार्यप्रणाली, रिश्वत-विरोधी प्रबंधन प्रणाली (एबीएमएस) तथा चल रहे तीन माह के अभियान के अंतर्गत की जा रही पहलों की जानकारी दी।



बाद सतर्कता विभाग द्वारा शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राहकों से संयंत्र के साथ सभी व्यावसायिक लेन-देन में पारदर्शिता और नैतिक मूल्यों को बनाए रखने का आह्वान किया गया। एबीएमएस पर भी एक प्रस्तुति प्रस्तुत की गई। प्रतिभागियों को बीएसपी की प्रणालियों में हुए सुधारों की जानकारी दी गई, जिनमें डिलीवरी ऑर्डर का डिजिटलीकरण, ग्राहकों को डीओ स्थिति पर नज़र रखने हेतु मोबाइल ऐप तथा सी एंड आईटी विभाग द्वारा वीएएनएस के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान प्रणाली शामिल थी। पूर्व में प्रतिभागियों का स्वागत सीजीएम सुब्बा राव व धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक जे रथ द्वारा किया गया।

### कवि पीलाराम वर्मा हुए सम्मानित



**भिलाई।** विश्व हिन्दी दिवस पर नेपाल के लुम्बिनी में शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन द्वारा आ यो जि त प्रतियोगिता में पीलाराम वर्मा की कविता को उत्कृष्ट घोषित किया गया। उन्हें विश्व हिन्दी रत्न की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। पीलाराम वर्मा भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत हैं। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य भारत और नेपाल के बीच सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को और प्रगाढ़ करना, विश्व भर में हिंदी भाषा साहित्य का विकास तथा नई साहित्यिक प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना एवं देवनागरी लिपि के संरक्षण और संवर्धन को बढ़ा देना है। प्रतियोगिता में देश विदेश के अनेकों साहित्यकारों ने हिस्सा लिया, जिसमें 91 साहित्यकारों का चयन किया गया है। पीलाराम वर्मा अछोटी का चयन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नेपाल की संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन द्वारा किया गया है।

## भाजपा युवा मोर्चा ने किया रक्तदान सड़क पर जीवन बचाने बांटे हेलमेट

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व के आह्वान एवं भारतीय जनता पार्टी भिलाई जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के मार्गदर्शन में भारतीय जनता युवा मोर्चा भिलाई जिला के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी में किया गया। जिसमें भाजपा युवा मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और रक्तदान किया। रक्तदान करने वाले सभी लोगों को हेलमेट और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित भी किया गया। रक्तदाताओं को हेलमेट देने का उद्देश्य जन जन में सड़क सुरक्षा की जागरूकता को लेकर था कि महिला हो या पुरुष सुरक्षित घर से काम पर निकलकर सुरक्षित घर पहुंच सके। भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि रक्तदान महादान है हमे जागरूक



नागरिक होने का परिचय समाज में सेवा कार्य करते हुए देना चाहिए। उन्होंने युवाओं से इस कार्य में आगे आने का आह्वान किया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, पूर्व जिला अध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ब्रजेश बिचपुरिया व महेश वर्मा, जिला महामंत्री प्रेमलाल साहू व बिजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह, जिला मंत्री विजय जायसवाल, संतोष मौर्य, कार्यक्रम संयोजक व भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम सह संयोजक सौरभ जायसवाल, कार्यक्रम प्रभारी कन्हैया सोनी, सह प्रभारी डॉ प्रदीप चौधरी, महिला मोर्चा भिलाई जिला अध्यक्ष स्वीटी कौशिक, शिक्षा प्रकोष्ठ संयोजक जेपी घनघोरकर, पूर्व महापौर निर्मला यादव सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। यह जानकारी भारतीय जनता युवा मोर्चा भिलाई के जिला मीडिया प्रभारी जयंत शर्मा ने दी।




## भिलाई निगम ने सिंगल-यूज प्लास्टिक के निर्माताओं पर कार्रवाई के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने अब शहर में प्रतिबंधित सिंगल-यूज प्लास्टिक के अवैध निर्माण और थोक

- आप नेता की शिकायत का बड़ा असर

बिक्री करने वालों पर सीधी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आप के जसप्रीत सिंह ने कलेक्टर को शिकायत दर्ज कराई थी कि भिलाई में 100 माइक्रोन से कम मोटाई की प्लास्टिक थैलियों, पानी पाऊच और डिस्पोजल की खुली बिक्री हो रही है। उन्होंने बताया कि निगम के स्वास्थ्य अधिकारी ने शिकायत के आधार पर, भिलाई के सभी पाँचों ज़ोन के स्वास्थ्य अधिकारियों को आधिकारिक पत्र जारी कर दिया है। पत्र में स्पष्ट रूप से कार्रवाई का फोकस 'निर्माताओं' और 'थोक सप्लायरों' पर रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि निगम ने यह स्वीकार किया है कि बड़े निर्माता ही थोक में ये वस्तुएं उपलब्ध करा रहे हैं, जिससे छोटे व्यापारी इन्हें इस्तेमाल करने को मजबूर हैं। भिलाई निगम अब पर्यावरण नियमों को ईमानदारी से लागू करना चाहता है। आप नेता जसप्रीत सिंह ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि भिलाई को स्वच्छ बनाने के लिए अब जनता को भी आगे आना होगा। नागरिकों और व्यापारियों से कहा कि उत्पादकों पर दबाव बनाएं, जब निगम बड़े निर्माताओं पर शिकंजा कस रहा है, तो छोटे व्यापारियों को भी अब ईमानदारी दिखानी होगी। प्रतिबंधित प्लास्टिक की वस्तुएं खरीदना और बेचना पूरी तरह बंद करें। सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग तत्काल बंद करके, कपड़े के थैले जैसे सुरक्षित विकल्पों को अपनाना चाहिए।

### दीदी के गोठ का हुआ प्रसारण

**दुर्ग ।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम 'दीदी के गोठ' का प्रदेश के सभी आकाशवाणी केन्द्रों सहित रायपुर से एक साथ प्रसारण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रेरणादायक संदेश ग्रामीण महिलाओं के नाम प्रसारित किए गए। विभिन्न जनपद पंचायतों में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



Ajay Advt.

**छोटे और मध्यम उद्योगों को करना पड़ रहा तनाव का सामना**

## टैरिफ का स्टील और एल्युमीनियम उत्पादों पर सीधा असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारत के लिए अमेरिकी टैरिफ का सबसे सीधा प्रभाव निर्यात क्षेत्र पर पड़ेगा। अमेरिका भारत के सबसे बड़े

- विषय को लेकर कार्यशाला का आयोजन

व्यापारिक साझेदारों में से एक है। स्टील, एल्युमीनियम और कुछ विनिर्मित उत्पादों जैसे सामानों पर प्रतिबंधों का भारतीय फर्मों पर तत्काल प्रभाव पड़ता है। विशेष रूप से छोटे और मध्यम उद्यमों को अमेरिकी बाजार में अपनी लागत प्रतिस्पर्धात्मकता कम होने के कारण तनाव का सामना करना पड़ता है। राजस्व के नुकसान के अलावा टैरिफ अनिश्चितता भी पैदा करते हैं, जिससे व्यवसायों के लिए निवेश की योजना बनाना या परिचालन का विस्तार करना मुश्किल हो जाता है। उक्त बातें अनुष्का अग्रवाल ने बैठक में कहीं। इसे लेकर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें स्टूडेंट्स ने विचार रखे। वे इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पीजीडीएम गोवा की स्टूडेंट्स हैं। उन्होंने कहा कि इसके प्रभाव पूरी तरह नकारात्मक नहीं हैं। कभी-कभी चीन या अन्य अर्थव्यवस्थाओं पर लक्षित टैरिफ भारत के लिए नए अवसर पैदा करते हैं। उदाहरण के लिए, जब अमेरिका ने चीनी इलेक्ट्रॉनिक्स पर शुल्क लगाया, तो अमेरिकी खरीदारों ने वियतनाम, मेक्सिको और भारत जैसे देशों में वैकल्पिक आपूर्तिकर्ताओं की तलाश शुरू कर दी।

#### टैरिफ से उपभोक्ताओं और उद्योगों की लागत बढ़ेगी

स्वपन शर्मा ने कहा कि इसका प्रभाव वैश्विक अर्थव्यवस्था में और भी फैल रहा है। टैरिफ अमेरिकी उपभोक्ताओं और उद्योगों की लागत बढ़ाते हैं, जिससे हर जगह से आयात की मांग कम हो जाती है। अमेरिकी खपत में मंदी अक्सर कमजोर वैश्विक विकास में तब्दील हो जाती है। निर्यात पर अत्यधिक निर्भर देश जर्मनी के ऑटोमोबाइल क्षेत्र से लेकर बांग्लादेश के कपड़ा उद्योग तक खुद को दबाव में पाते हैं। इस अर्थ में, टैरिफ सर्जिकल औजारों की बजाय कुंद औजारों की तरह ज्यादा काम करते हैं, जो महाद्वीपों में व्यापार के स्वरूप को बदल देते हैं और साथ ही नुकसान भी पहुंचाते हैं।इसका एक रणनीतिक आयाम भी है।

#### प्रतिक्रिया को संतुलित रखना आवश्यक

परिधि मल्होत्रा ने कहा कि भारत जिसे अक्सर भू-राजनीतिक दृष्टि से अमेरिका का साझेदार माना जाता है। अपनी प्रतिक्रिया को सावधानीपूर्वक संतुलित करना होगा। जवाबी टैरिफ, प्रतीकात्मक होते हुए भी, तनाव बढ़ा सकते हैं, जबकि रियायतों को कमजोरी के रूप में देखे जाने का जोखिम होता है। यह नाजुक चाल इस बात पर प्रकाश डालती है कि व्यापार नीति कभी भी केवल अर्थशास्त्र तक ही सीमित नहीं होती- यह कूटनीति से गहराई से जुड़ी होती है। व्यापक विश्व के लिए, खतरा सामान्यीकरण में निहित है। यदि टैरिफ़ बातचीत का मूलभूत साधन बन जाते हैं, तो नियम-आधारित बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली कमजोर हो जाती है।




